Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Class- V Date-
Subject - Hindi Literature Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - नवतरंग -5
पाठ -5 'किताबें करती हैं बातें'

प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :-

(क) कंप्यूटर के आने से दीया और आदी ने पुस्तकों को देखना ही छोड़ दिया था।
(ख) पुस्तकों का मूल्य मोती - रत्नों से भी अधिक बताया गया है।
(ग) किताबें इन्सान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। बदले में ये कुछ भी नहीं माँगती।
(घ) पुस्तकों ने स्वयं को एक बगीचा इसलिए कहा है क्योंकि वे हमारे मन मस्तिष्क को महका देती हैं।

प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखें :-
(क) किताबों को अलमारी में बंद हुए लम्बा समय हो चुका था। वे अलमारी में घुटन महसूस कर रही थीं। अरसे के बाद उन्हें खुली हवा नसीब हुई थी।
(ख) रद्दीवाले की आवाज़ सुनकर किताबें घबराकर एक-दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश करने लगीं। उन्हें लग रहा था कि आदी और दीया की माँ ने उन्हें रद्दीवाले के हाथ में बेचने की ठान ली है। इसलिए वे रद्दीवाले की आवाज़ सुनकर घबरा गईं।
(ग) किताबों का स्वरूप बदल चुका है। कागज़ पर छपी किताबों की जगह ई - किताबों और किंडल ने ले ली है। इसी कारण कागज़ पर छपी किताबों की

Scanned with CamScanner

Date-                    Class-V
Subject- Hindi Literature    Page-2

लोग उपेक्षा करने लगे हैं। इसी बात का किताबों को दुख था।

(घ) किताबों के पुराने रूप को पहले भोज-पत्र, कपड़े आदि पर स्याही से लिखकर जानकारी को सुरक्षित रखा जाता था। कागज़ की खोज के बाद हमें व्यवस्थित किताबों का स्वरूप मिला।
किताबों का सबसे नया रूप ई-किताबों और किंडल के रूप में मिलता है जो कि पुराने रूप से पूरी तरह भिन्न है।

(ङ) किताबों की बातें सुनकर आदी और दीया ने निश्चय किया कि वे अपना छोटा सा किताबघर बनाएँगे। खुद भी किताबें पढ़ा करेंगे और मित्रों को भी पढ़ने को देंगे। अपने सभी मित्रों से भी कहेंगे कि अपनी पुरानी किताबें ज़रूरतमंद बच्चों को दें।

Last page.

Scanned with CamScanner